हिन्दी विभाग में गुरू पूर्णिमा पर्व का आयोजन

रायगढ़ । गत 03 जुलाई को शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया के हिन्दी विभाग में विभागीय छात्रों ने गुरु पूर्णिमा मनाई। इस अवसर पर एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश टण्डन एवं प्रो. दिनेश संजय का तिलक, रोली व फूल से स्वागत किया तथा लेखनी भेंट की। डॉ. टण्डन ने द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित छात्रों का तृतीय सेमेस्टर में स्वागत करते हुए अभी से अध्ययन प्रारम्भ करने की सलाह दी, इससे परीक्षा के समय देर रात तक अध्ययन का दबाव नहीं रहता । उन्होंने शुद्ध हिन्दी बोलने के लिए व्याकरणगत जानकारी देते हुए साहित्यिक उपन्यास, कहानी आदि की प्रत्येक पंक्तियों को ध्यान से पढ़ने के लिए कहा। डीके संजय ने चतुर्थ सेमेस्टर में सम्मिलित छात्रों को सेट की तैयारी करने के लिए कहा कि अभी सितम्बर तक सेट परीक्षा के लिए विज्ञापन आने की संभावना है। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजा एवं सुनिता मिरी व रजनी महंत के द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ राज्य गीत से हुई।

छात्र रोहित कुमार, सुनीता मिरी, अर्चना राठौर, रजनी महंत, रेणु पटेल, राजेश्वरी, मुकेश कुमार पटैल, रेशमा चौहान, सुनीता सिदार, शकुन्तला राठिया, भारती नायक ने कार्यक्रम का सफल आयोजन किया ।